विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम सोमवार के लिये निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या–6 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 6 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि लखनऊ नगर निगम, नगर की सफाई व्यवस्था हेतु सफाई कर्मियों की भर्ती करता है ? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हाँ, तो सफाई कर्मियों की नियमित भर्ती की जा रही है तथा दिनाँक 31 दिसम्बर, 2022 को नगर निगम में कितने नियमित सफाई कर्मचारी थे ? | दिनांक 31 दिसम्बर, 2022 को नगर निगम में कुल 1968 नियमित सफाई कर्मचारी कार्यरत थे।<br>इसके अतिरिक्त आउटसोर्सिंग संस्थाओं के माध्यम से आवश्यकतानुसार सफाई कर्मियों की आपूर्ति प्राप्त की जा रही है। |
| (ग) क्या नियमित सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है ? | वर्तमान में (19 फरवरी, 2023 तक) नगर निगम, लखनऊ में सफाई व्यवस्था हेतु 1952 नियमित, 923 संविदा एवं 8179 आउटसोर्सिंग पर सफाई कर्मी तैनात है।<br>इसके अतिरिक्त मशीनों का उपयोग करके मानवीय क्षमता में बढ़ोतरी करते हुए सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से की जा रही है। |
| (घ) यदि हाँ, तो शहर की आबादी व क्षेत्रफल के अनुसार मानक के अनुरूप नियमित सफाई कर्मियों की भर्ती कर सफाई व्यवस्था दुरूस्त करायेंगे ? | उपर्युक्तानुसार।<br>लखनऊ की सफाई व्यवस्था हाल में बहुत अच्छी है, जिसकी स्थानीय लोगों के अतिरिक्त जी–20 एवं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दरम्यान प्रसंशा हुयी है। |
| (ड.) यदि हाँ, तो कब ? | उपर्युक्तानुसार। |
| (च) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

ए.के. शर्मा
मंत्री,
नगर विकास विभाग।